पं. व्यास को ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड से किया सम्मानित

- ज्योतिष परामर्श शिविर में भीड़
- शिविर में देखने को मिला लोगों में आस्था का संगम

उज्जैन। महर्षि दैवज्ञ चंडू जयंती के अवसर पर जोधपुर में आयोजित नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में आस्था और जनसहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला। सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र, श्याम भक्ति सेवा संस्थान एवं मारवाड़ प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में उज्जैन के प्रकांड विद्वान और सटीक भविष्यवाणी के उद्घोषक ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास को ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड सम्मानित किया गया।

शिविर में करीब 2 हजार से अधिक लोगों ने जन्मपत्री, वास्तु, अंक ज्योतिष, हस्तरेखा, टैरो कार्ड सहित विभिन्न ज्योतिषीय विधाओं से नि:शुल्क परामर्श प्राप्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास ने की। मुख्य अतिथि बीएसएफ के आईजी एमएल गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष मिश्रा रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी अरुण माहेश्वरी, अरुणा सांखला, मारवाड़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव गौड़ सहित क्लब की टीम तथा श्याम भक्ति सेवा संस्थान के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। अतिथियों ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

शिविर का संचालन प्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका अंशु हर्ष ने किया। आयोजन संयोजक पंडित एस.के. जोशी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन की ज्योतिषीय जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें जीवन की विभिन्न समस्याओं के संबंध में सकारात्मक एवं उपयोगी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

विशेषज्ञों को ज्योतिष शिरोमणि अवार्ड

वहीं शिविर में सेवाएं देने वाले देशभर के ज्योतिष विशेषज्ञों को ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड प्रदान किया गया। सम्मानित विशेषज्ञों में दिल्ली, उज्जैन, सीकर, प्रतापगढ़, बीकानेर, मेड़ता, रायचूर (कर्नाटक) सहित विभिन्न राज्यों और शहरों से आए ज्योतिषाचार्य शामिल रहे। आयोजन समिति के किशोर सिंह पंवार, लक्की गोयल, मनीष गहलोत, नितिन आचार्य, पुखराज जांगिड़, जगदीश कुमार, ईश्वर सिंह उदावत, माधव सिंह, मोहित हेड़ा, निश्चल सोलंकी, एनके ओझा, प्रभांशु जोशी, भूमित्र जोशी, अक्षिता राजपुरोहित, मुकेश हर्ष, भवानी सिंह राजपुरोहित एवं प्रवीण सिंह राजपुरोहित को भी उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

3 करोड़ की लागत से पाषाण प्रतिमाएं तैयार, स्थापना का इंतजार

महाकाल लोक में फिर विराजेंगे सप्तऋषि, आंधी तूफान से गिरी थी एफआरपी मूर्तियां, गुरु पूर्णिमा पर सीएम कर सकते हैं स्थापित

उज्जैन। श्री महाकाल लोक में सप्तऋषियों की भव्य पाषाण प्रतिमाएं लगभग पूरी तरह तैयार हो चुकी हैं और अब उन्हें महाकाल लोक में स्थापित किए जाने का इंतजार है। इन प्रतिमाओं के साथ भगवान शिव की एक विशाल प्रतिमा तथा कमल दल के आकार वाले पेडस्टल भी तैयार किए गए हैं।

लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन प्रतिमाओं को राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के प्रसिद्ध लाल बलुआ पत्थर से तैयार किया गया है, जिसे भरतपुर जिले के रूपवास क्षेत्र से लाया गया है। इन प्रतिमाओं का निर्माण उस घटना के बाद कराया गया, जब 29 मई 2023 को आए भीषण आंधी-तूफान में महाकाल लोक में स्थापित एफआरपी (फाइबर रिइनफोर्स्ड प्लास्टिक) से बनी सप्तऋषियों की मूर्तियां गिर गई थीं। उस हादसे में छह प्रतिमाएं गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। उस समय प्रत्येक प्रतिमा की लागत लगभग 66 लाख रुपये थी। बाद में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर अगस्त 2023 में नई फाइबर प्रतिमाएं स्थापित कराई गई थीं।

विक्रमादित्य शोध पीठ की निगरानी

इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया कि महाकाल लोक की गरिमा और स्थायित्व को ध्यान में रखते हुए सप्तऋषियों की प्रतिमाएं अब पाषाण से बनाई जाएं। यह कार्य महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ की निगरानी में कराया जा रहा है। हालांकि समय-समय पर सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक भी प्रतिमा निर्माण कार्य का अवलोकन कर रहे हैं। कारीगर ईश्वर चंद्र महाराणा ने बताया कि सप्तऋषियों के साथ भगवान शिव की एक विशाल प्रतिमा भी तैयार की जा रही है।29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व है इस दिन यदि सप्त ऋषि की प्रतिमाएं महाकाल लोक में स्थापित की जाती है तो अच्छा संदेश जाएगा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाकाल लोक के हाथों इन नवीन पाषाण प्रतिमाओं का लोकार्पण सीएम के हाथो होना चाहिए, क्योंकि पत्थर की प्रतिमा लगाने का सुझाव सीएम ने दिया था।

12 कलाकार दे रहे आकार

प्रतिमाओं की डिजाइन वाराणसी के मूर्तिशिल्प विशेषज्ञ सुनील विश्वकर्मा द्वारा तैयार की गई है। जबकि इन्हें आकार देने का कार्य ओडिशा के लगभग 12 शिल्पकार कर रहे हैं। कलाकारों ने प्रतिमाओं के निर्माण से पहले पुराणों का गहन अध्ययन किया, ताकि प्रत्येक ऋषि के स्वरूप, व्यक्तित्व और आध्यात्मिक भाव को शिल्प में सजीव रूप दिया जा सके। इन प्रतिमाओं की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रत्येक मूर्ति एक ही पत्थर से बनाई जा रही है। प्रतिमा, नेत्र, अलंकरण और अन्य सभी आकृतियां उसी एक शिला पर उकेरी जा रही हैं। किसी भी हिस्से में अलग पत्थर नहीं जोड़ा गया है।

बाइक सवार बदमाश ने दो लोगों पर चाकू से किया हमला

उज्जैन। चामुंडा माता चौराहा से फ्रीगंज ब्रिज के पास कुछ मिनट में बाइक पर सवार बदमाश ने दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया।

देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि चामुंडा माता चौराहा पर हरि फाटक ब्रिज के पास रहने वाला मोहम्मद अयुब पिता अब्दुल गफ्फार पैदल घर जा रहा था इस दौरान एक महिला द्वारा उसे रास्ता पूछा गया। मोहम्मद अयूब हाथ आगे बढ़कर रास्ता बता रहा था तभी बाइक से एक युवक आया और हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। धारदार चाकू का वार लगते ही अयुब के हाथ की नस कट गई और वह लहूलुहान हो गया। हमला करने वाला बाइक से बाहर निकाल घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ देर बाद ही जानकारी मिली कि अयुब पर हमला करने वाले आरोपी ने फ्रीगंज ब्रिज के पास ग्राउंड होटल के सामने कपड़े का ठेला लगाने वाले मोहम्मद सईद पिता मोहम्मद हबीब 46 साल निवासी मिर्जावाड़ी पर चाकू से हमला कर गला काट दिया है। लोगों की मदद से पुलिस ने हमलावर को पकड़ कर माधव नगर पुलिस के सुपुर्द किया है। माधव नगर पुलिस द्वारा भी उसके खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया है। माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि हमला करने वाले का नाम कमल पिता देवीलाल निवासी बिछड़ौद होना सामने आया है। वह नशे की हालत में था। देवास गेट थाना पुलिस का कहना था कि माधव नगर पुलिस कार्रवाई के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए लाया जाएगा। अस्पताल में भर्ती घायल अयुब ने बताया कि वह मकान कारीगर है, हमला करने वाले ने उसे 2 हजार रुपए भी छीन लिए हैं। देवास गेट पुलिस का कहना था कि घायल के बयान दर्ज कर हमला करने वाले के खिलाफ रुपए छीनने की धारा बढ़ाई जाएगी।

छात्र की संदिग्ध हालत में मौत

उज्जैन। तबीयत बिगड़ने के बाद छात्र को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। मक्सी रोड पंवासा का रहने वाला रितेश पिता राकेश मंडोर 21 साल बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। रात में अचानक उसे पेट दर्द हुआ और सिर भी दर्द करने लगा। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन रात में उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर बाद रितेश की मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर अस्पताल स्टाफ द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। परिजन भी अचानक हुई मौत से हैरान थे जिसके चलते उन्होंने पोस्टमार्टम कराने की बात कही। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है रिपोर्ट आने पर मौत की वजह सामने आ पाएगी। परिजनों ने बताया कि रितेश के पिता ठेकेदारी करते हैं और वह दो भाई थे। रितेश पढ़ाई में भी अच्छा था उसकी मौत तबीयत बिगड़ने के बाद हुई है। लेकिन उसे कोई गंभीर बीमारी भी नहीं थी।

एक नजर में

अष्टान्हिका महापर्व पर 20 से महामंडल विधान

उज्जैन। जैन धर्म के अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर सीमंधर दिगंबर जैन मंदिर में 20 से 30 जुलाई तक 10 दिवसीय समोशरण महामंडल विधान का आयोजन किया जाएगा। विधान का शुभारंभ रविवार, 20 जुलाई को चक्रवर्ती रजनीश दिव्या जैन के निजातपुरा स्थित निवास से चल समारोह के साथ होगा। जम्बू जैन धवल ने बताया कि चल समारोह से पूर्व समोशरण की आठ भूमियों पर रजत निर्मित अष्ट प्रातिहार्य, अष्ट मंगल द्रव्य और पंच मंगल कलश की शुद्धि व विधि संपन्न होगी। इसमें इंद्राणियां पंचमेरु और जिनवाणी मस्तक पर लेकर चलेंगी, जिन्हें मंदिर में निर्मित समोशरण में विराजित किया जाएगा। मंदिर पहुंचने पर रमेश, पवन, राजेंद्र, गजेंद्र, दीपू और विरबाला कासलीवाल परिवार जैन ध्वज फहराएंगे। इसके बाद डॉ. दिनेश, इंदु, कैतूल और रूपल शाह वासुपूज्य स्वामी की प्रतिमा स्थापित कर समोशरण का उद्घाटन करेंगे। मुख्य कलश कोमल शशि कासलीवाल तथा चतुष्टय कलश डॉ. अजित जैन, डॉ. राजेश जैन, डॉ. सीके कासलीवाल व अरविन्द जैन परिवार स्थापित करेंगे। इस दौरान गिरनार से मोक्ष पधारे नेमिनाथ स्वामी की पूजा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा और मोक्ष कल्याणक मनेगा। राजकुमार रावत व अरविन्द जैन के अनुसार 21 जुलाई से प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से भगवान का अभिषेक, महापर्व और समोशरण की पूजा होगी। मनोज, प्रवीण, डॉ. सौरभ जैन, श्रेयस रावत, आशीष, विवेक सेठी, शीतल पांडे, अनिल पानोत और चेतन राणा चक्रवर्ती व राजा के रूप में संगीतमय पूजन करेंगे। विधान संपन्न कराने छिंदवाड़ा के विवेक जैन, करेली के पं. अनुभव जैन और पिड़ावा के विधानाचार्य पं. शिखर शास्त्री आ रहे हैं। पूजन के बाद विद्वानों के प्रवचन और कांजी स्वामी के सीडी प्रवचन होंगे। शाम को जिनेन्द्र भक्ति व युवाओं-बच्चों के लिए विशेष शिविर लगेगा, जिसमें विशेषज्ञ जैन धर्म के विभिन्न विषयों पर शिक्षण देंगे। समोशरण की रचना के लिए छिंदवाड़ा से विशेष कलाकार आए हैं। आयोजन में नरेश, विनोद, ज्योति जैन, माला छाबड़ा, राजेश कासलीवाल, विक्रांत जैन, मनीष घी वाला, विमल सिल्क, अरुण कासलीवाल, जितेंद्र जैन, नीता और सुरभि धवल का विशेष सहयोग रहेगा।

आज निकलेगी क्षत्रिय गौरव शौर्य यात्रा

उज्जैन। अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट राजा हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती पर आज 19 जुलाई को शाम 5.30 बजे राजपूत समाज द्वारा क्षत्रिय गौरव शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के बाद सामाजिक न्याय परिसर में राजपूत सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें समाज की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन संभाग के अध्यक्ष और यात्रा के संयोजक महेंद्र सिंह बैस ने बताया कि बैस राजपूत समिति ग्राम मंगरोला, ग्राम पवासा और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। शौर्य यात्रा आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर से शुरू होगी। यह चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट चौराहा, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कांग्रेस कार्यालय और क्षीरसागर होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। सम्मेलन में पारस चंद्र जैन, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, दिलीप सिंह शेखावत, विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान, भगवान सिंह उज्जैनिया और विजय सिंह कुशवाह शामिल होंगे। इसके अलावा राम जन्म सिंह परिहार, जितेंद्र सिंह बैस, राजेंद्र सिंह बैस और करण सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने की अपील दीपक सिंह बैस, युवराज सिंह बैस, जय सिंह ठाकुर, रूप बसंत सिंह बैस, अनीता परिहार, अशोक सिंह बैस, अनिल सिंह बैस, संतु पहलवान और रवींद्र सिंह परिहार ने की है।

मंगलवार को होगा निगम का विशेष सम्मेलन

उज्जैन। नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन मंगलवार 21 जुलाई को समय दोपहर 1 बजे से पंडित अटल बिहारी वाजपेई सभागृह छत्रपति शिवाजी भवन उज्जैन नगर पालिक निगम के सभागृह में निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विचारार्थ रखे जाने वाले 26 प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

बदमाश ने रिमांड पर काबूली तीन वारदात

उज्जैन। सुभाषनगर में चाकू की नोंक पर सोने की चेन, घड़ी और अलखधाम में मोबाइल स्नेचिंग करने के साथ शास्त्रीनगर में चेन झपटने का प्रयास करने वाले भोपाल के बदमाश को नीलगंगा थाना पुलिस ने रिमांड पर लिया। बदमाश ने नाबालिग साथियों के साथ मिलकर नानाखेड़ा से स्कूटी चुराई थी और 3 थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि सुभाषनगर ओम रेसीडेंसी में रहने वाले तुषार पिता मुकेश किशनानी और उसकी मां भावना, भाई कृष्णा के साथ 14 जुलाई की रात स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने चाकू की नोंक पर सोने की चेन और घड़ी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। तीनों बदमाशों ने शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी से चेन झपटने का प्रयास करते हुए अलखधाम में शुभम सेन से मोबाइल छीन लिया था। बदमाशों में 2 नाबालिग थे, जो उज्जैन के रहने वाले है। उनका साथी कुणाल कटारिया भोपाल के बैरागढ़ में रहता है और उज्जैन में रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। शुक्रवार दोपहर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से नाबालिगों को बाल संप्रेक्षणगृह भेजा भोपाल के बदमाश को 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वारदात में प्रयुक्त स्कूटी नानाखेड़ा क्षेत्र से चुराई थी। उस पर सवार होकर नानाखेड़ा, पंवासा और माधवनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग को भी अंजाम दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार इंदौर में चोरी के मोबाइल खरीदने वाला पूर्व में भी 800 मोबाइल के साथ इंदौर पुलिस की हिरासत में आ चुका है। फिलहाल वह इंदौर से फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

विवाद : गोंड बस्ती में युवक पर एसिड अटैक

- महाकाल थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है, रात 1 एक बजे दिया वारदात को अंजाम

उज्जैन। गोंड बस्ती में रात 1 बजे युवक पर एसिड डाल दिया। सुबह आने पहुंचे युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। घायल ने पत्नी और चार युवकों पर आरोप लगाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महाकाल थाना क्षेत्र की गोंड बस्ती में हुई घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह सतीश पिता धनीराम 32 वर्ष निवासी योगीपुरा खाने आया था और उसने रात 1 बजे गोंड बस्ती में विवाद होने पर सपना, मोनू, नवीन, कारण और गब्बू पर आरोप लगाते हुए बताया कि सभी ने विवाद कर उसे पर एसिड डाला है। पुलिस ने सीना झुलसा होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच शुरू की गई इस दौरान जानकारी मिली कि जिस महिला पर एसिड डालने का आरोप लगाया जा रहा है वह महिला झुलसे युवक की पत्नी है। जो गोंड बस्ती में रहती है युवक मूल रूप से आगरा का रहने वाला है मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसादी बेचने का काम करता है उसने सपना से शादी कर ली थी वह शराब पीने का आदी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। इधर अस्पताल में भर्ती घायल का आरोप यह भी था कि उसके साथ मारपीट कर एसिड डालने वालों ने रुपए भी छीन हैं।

घर में बीमार वृद्ध झुलसा

तिरुपति धाम कॉलोनी में रहने वाले रामचंद्र सोलंकी 65 वर्ष पैरालाइज के मरीज है। वह बिस्तर पर ही रहते हैं। शुक्रवार दोपहर पत्नी शांताबाई बाजार चली गई थी और बाहर से दरवाजा लगा दिया था। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने घर से धुआं निकलता देखा तो दरवाजा खोला। रामचंद्र सोलंकी पलंग पर लगे बिस्तरों के बीच झुलसते दिखाई दिए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया उनका पैरालाइज पैर झुलसा है। आशंका जताई जा रही है कि वह बीड़ी पीते थे बीमारी के चलते वह बिस्तर से नहीं उठाते थे संभवत जलती बीड़ी से बिस्तर में आग लगने पर घटना हुई है उनका पुत्र दिल्ली सीआईएसएफ में है।

शूटिंग कैंप के लिए कैडेट सूर्यपाल चयनित

उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर सूर्यपाल सिंह राठौड़ का राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स शूटिंग कॉम्पिटिशन के लिए मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ है। वे इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप में अपना प्रदर्शन करेंगे। 10 मप्र बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार ने बताया कि यह एनसीसी का एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का शिविर है। एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले ने बताया कि कैडेट की कठोर मेहनत से मुकाम हासिल हुआ है। कैडेट की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं दी।

आनंद ग्राम में बच्चों ने लिया एक बच्चा-एक पौधा लगाने का संकल्प

- स्कूली बच्चों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को आनंद ग्राम डेंडिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों ने पौधरोपण कर हरियाली का संकल्प लिया। अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था और अवन्तिका नारीशक्ति तीर्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हरियाली महोत्सव-2026 के तहत यहां आनंद सभा और पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

संस्था संस्थापक प्रियंका जोशी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना और प्रकृति से जुड़ाव बढ़ाना है। हरियाली महोत्सव के तहत पूरे सावन माह में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा कि एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। शिरीष सुमन शर्मा ने प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर प्रेरक विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूनम दुबे, प्रिया व्यास, रक्षा पालीवाल, ज्योति व्यास, स्सपना नागदेवानी, नलीनी पांडे, यश जोशी, राजेश शर्मा, भरत पोरवाल और रामेश्वर चौहान सहित अन्य स्टाफ सदस्य व शिक्षक उपस्थित थे।

उपकरण चोरी करने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना क्षेत्र से सरकारी उपकरण चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया मश्रुका बरामद किया है। आरोपी के पास से परियोजना में उपयोग होने वाले ओएमएस बॉक्स के 28 नग पीएफसी एमडी वाल्व बरामद किए गए हैं। तराना थाना प्रभारी निरीक्षक रामनारायण सिंह भदौरिया ने बताया कि नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा उपकरण चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस के साथ ग्रामीण नजर रख रहे थे शुक्रवार देर शाम ग्राम नाटाखेड़ी-बगोदा स्थित परियोजना क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति के घूमने की सूचना मिली। पुलिस टीम और परियोजना के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की। तलाशी के दौरान संदिग्ध के कब्जे से ओएमएस बॉक्स के 28 नग पीएफसी एमडी वाल्व मिले, जो चोरी के थे। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दरबारसिंह पिता चरणसिंह, निवासी ग्राम भैसाखेड़ी, थाना टोंकखुर्द, जिला देवास बताया। आरोपी के विरुद्ध धारा 303(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

खुद का रिकॉर्ड बनाने दौड़े पहलवान

उज्जैन। अवंतिका रेसलिंग सेंटर के पहलवान अरहान टाइगर और राजीक ने अपनी क्षमता और स्टैमिना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान रचा है। दोनों ने अपना ही रिकॉर्ड बनाने के लिए उज्जैन के लाल गेट से देवास की माता की टेकरी तक 45 किलोमीटर की दूरी दौड़कर मात्र 2 घंटे 45 मिनट में पूरी की। यह दौड़ 18 जुलाई को सुबह 5 बजे उज्जैन से शुरू की गई थी। दोनों पहलवानों ने अपनी मंजिल तक का यह सफर लगभग पौने तीन घंटे में तय किया। यह प्रयास किसी प्रतिस्पर्धा का हिस्सा नहीं था, बल्कि पहलवानों ने अपनी शारीरिक क्षमता को परखने और खुद का नया रिकॉर्ड स्थापित करने के उद्देश्य से यह दौड़ लगाई।

एक नजर में — अब दान में आने वाले आभूषणों की सहीं जांच कर ही दर्ज होगा रिकॉर्ड

महाकाल मंदिर ने लगाई 15 लाख की सोने-चांदी की जांच मशीन

उज्जैन। महाकाल मंदिर में दान में आने वाले सोने-चांदी की अब हाइटेक तरीके से जांच की जा सकेगी। मंदिर समिति ने हाल ही में इसके लिए महाराष्ट्र से कैरेट मशीन मंगवाई है। जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है।

कुछ ही मिनटों में यह मशीन दान आए सोने-चांदी का वजन से लेकर उनकी सही-सही स्थिति बता देगी। समिति ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि दान आने वाले कीमती आभूषण या बर्तन आदि की सही जांच की जा सके और उसका रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखा जा सके। समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया सीएसआर फंड के माध्यम से करीब 15 लाख रुपए की लागत से यह अत्याधुनिक कैरेट मीटर मशीन खरीदी है जो मंदिर भी आ चुकी है। सोमवार से इसे चालू करने की तैयारी है। इधर महाकाल मंदिर में पुणे महाराष्ट्र से दर्शन करने आए श्रद्धालु सचिन पाटिल ने समिति की व्यवस्थाओं से प्रसन्न होकर कार्यालय में आकर रंगोली की सजावट के लिए 29 हजार रुपए की राशि दान दी। आरके तिवारी ने दुपट्टा ओढ़ाकर व लड्डू प्रसाद भेंटकर सम्मान किया।

गढ़कालिका में 1 लाख 78 हजार की आय

प्रसिद्ध मां गढ़कालिका मंदिर में गुप्त नवरात्रि में श्रद्धालुओं ने अभी तक 712 कुमकुम पूजा कराई है। जिससे मंदिर समिति को 1 लाख 78 हजार रुपए की आय हुई है। यह पूजा मंदिर के शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ की बैठक के दौरान कराई गई है। मंदिर समिति के प्रबंधक मूलचंद जाटवा ने बताया कि यह अब तक का कुमकुम पूजा का सबसे अधिक पूजन व इससे होने वाली आय का रिकॉर्ड बना है। इसके पूर्व भी मंदिर में कुमकुम से इससे भी अधिक आय प्राप्त हो चुकी है।

अजजा आयोग के सदस्य ने दर्शन किए

उज्जैन। भगवान महाकाल के दर्शन का सिलसिला निरंतर जारी है। वैसे भी शनिवार और रविवार को महाकाल में जनसैलाब उमड़ता है। शहर में इसको लेकर काफी भीड़ रहती है। यहां पर नेता से लेकर अभिनेताओं का आगमन होता ही रहता है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे ने शनिवार को उज्जैन प्रवास के दौरान भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर वहां भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए।

सफाई मित्रों को छाता टोपी और गमछा बांटे

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 42 अंतर्गत कार्यरत सफाई मित्रों के लिए छाता, टोपी एवं गमछे का वितरण निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में एवं संजय अग्रवाल, आनंद सिंह खींची, मुकेश पोरवाल, अंजलि बालकृष्ण पटेल की उपस्थिति में किया गया। वार्ड क्रमांक 42 के सफाई मित्रों के लिए छाता, टोपी एवं गमछे का वितरण क्षेत्रीय पार्षद के सहयोग से किया गया। इस दौरान कल्याण शिवहरे, कुलदीप पांचाल, पंकज मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, अनुज रघुवंशी, अभिजीत ठाकुर, अमित पण्ड्या, प्रेम नारायण उपाध्याय, प्रशांत सिकरवार, अजय सोनी, प्रियंका सेंगर, सोनू मालवीय उपस्थित रहे।